प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 05.10.2025 समय : 01:00 पी.एम.

..............................................................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज जामडोली में शिक्षकों के राष्ट्रीय अधिवेशन के उद्‌घाटन समारोह में शिरकत कीं **शिक्षक राष्ट्र के लिए** विषय पर आयोजित इस अधिवेशन में देशभर के 3200 शिक्षक भाग ले रहे हैं इससे पहले श्री शर्मा ने जयपुर में अमर जवान ज्योति से राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की 128 ब्लू लाइन बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना कियां इस अवसर पर राजस्थान रोडवेज की वातानुकूलित बसों में कैटरिंग व्यवस्था का भी शुभारंभ किया गयां इसके साथ ही 'आपणी बस राजस्थान रोडवेज' योजना की शुरुआत कर दूर दराज के क्षेत्रों को परिवहन सुविधा से जोडां ग्रामीण इलाकों में ये बसे रोडवेज के साथ अनुबंध के तहत प्राईवेट ऑपरेटर्स चलायेंगें इससे गांव–गांव तक सुरक्षित किफायती और सुगम यातायात की सुविधा मिलेगीं कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा भी मौजूद रहें

..............................................................

देश में पिछले छह वर्षों में लगभग 17 करोड़ नौकरियां सृजित हुई हैं श्रम और रोज़गार मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश में वर्ष 2017–18 में साढे 47 करोड़ रोजगार सृजन हुआ था जो वर्ष 2023–24 में बढ़कर 64 करोड़ 33 लाख हो गयां इसके अलावा, बेरोज़गारी दर वर्ष 2017–18 में छह प्रतिशत से घटकर 2023–24 में तीन दशमलव दो प्रतिशत हो गई हैं मंत्रालय ने कहा कि यह रोज़गार सृजन में मज़बूती का संकेत हैं

..............................................................

आज विश्व शिक्षक दिवस हैं इस मौके पर युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने नई दिल्ली में **फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल अभियान** में भागीदारी कीं उन्होंने मेजर ध्यानचंद स्टेडियम से इंडिया गेट और आसपास के क्षेत्रों में शिक्षकों, छात्रों और अन्य लोगों के साथ साइकिल रैली की अगुवाई कीं श्री मांडविया ने बताया कि आज देश भर में दस हजार पांच सौ से अधिक स्थानों पर फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल का आयोजन किया गया हैं उन्होंने कहा कि अब लाखों लोग हर रविवार को खुद को फिट रखने के लिए साइकिल चलाते हैं

..............................................................

प्रदेश में चल रहे वन्य जीव सप्ताह के तहत विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं इसी कडी में कल रामदेवरा में वन्य जीव संरक्षण के लिए जागरूकता कार्यक्रम रखा गयां वन विभाग और गोडावण संरक्षण प्रजनन केन्द्र की ओर से हुए इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को राज्यपक्षी गोडावण तथा अन्य जीवों के संरक्षण के बारे में बताया गयां

..............................................................

मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 35 जिलों में बारिश की गतिविधियों की संभावना जताई हैं उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाडी में बने नये मौसमी तंत्र के असर से प्रदेश में कहीं–कहीं तेज बारिश और आंधी चलने का पूर्वानुमान हैं इसका असर 8 अक्टूबर तक बना रह सकता हैं
सबसे ज्यादा प्रभाव 5 और 6 अक्टूबर को देखने को मिलेगां इस दौरान कई स्थानों पर गरज के साथ तेज बरसात हो सकती है, वहीं कहीं–कहीं ओले भी गिर सकते हैं आज दोपहर बाद बीकानेर, उदयपुर और जयपुर संभाग तथा शेखावाटी क्षेत्र में बारिश के आसार हैं वहीं सीकर, श्रीगंगानगर और भरतपुर जिलों में बारिश और ओलावृष्टि के लिए अलर्ट जारी किया गया हैं इस बीच पिछले 24 घंटों के दौरान पूर्वी राजस्थान में कही कही हल्की से मध्यम और एक दो स्थानों पर भारी बारिश तथा पश्चिमी राजस्थान में कही कही हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई राज्य में सबसे ज्यादा 8 सेंटीमीटर बारिश चित्तौडगढ के बडीसादडी में दर्ज की गईं

..............................................................

**और अब बात खेलों की** –भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड–बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट श्रृंखला के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया हैं रोहित शर्मा की जगह, शुभमन गिल एकदिवसीय टीम के कप्तान बनाए गए हैं वहीं, सूर्यकुमार यादव टी–20 टीम का जिम्मा संभालेंगें वहीं आज महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप में भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगां ये मैच कोलम्बों में दोपहर तीन बजे से खेला जायेगां

...............................................................

नई दिल्ली में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप–2025 में कल भारत ने तीन पदक जीतें प्रतियोगिता में छह स्वर्ण, सात रजत और पांच कांस्य सहित भारत को कुल 18 पदक मिलें

...............................................................

जम्मू–कश्मीर में खराब मौसम के कारण श्री माता वैष्णो देवी यात्रा आज से 7 अक्टूबर तक स्थगित रहेगीं यह निर्णय तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया हैं

...............................................................